# बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने पर पुलिस अधीक्षक होंगे पुरस्कृत- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

## » रायपुर, बीजापुर, बलौदाबाजार और रायगढ़ पुलिस अधीक्षक को मिलेगा पुरस्कार

**» वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी ने की सभी जिलों के अपराधों की समीक्षा**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर बेहतर पुलिसिंग और अपराधों पर रोकथाम के लिए पुलिस महानिदेशक डी एम अवस्थी ने आज यहां पुलिस मुख्यालय में विडीयो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर रखना बेसिक पुलिसिंग है। प्रत्येक माह समीक्षा बैठक में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधीक्षकों को पुरस्कृत किया जायेगा। कानून व्यवस्था की समीक्षा करने प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। आज की समीक्षा बैठक के बाद अवस्थी ने नक्सल गतिविधियों के विरूद्ध अच्छा कार्य करने पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर दिव्यांग पटेल, अपराधों पर रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्रीमती नीथू कमल, पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार और अपहरण काण्ड सफलता पूर्वक सुलझाने पर पुलिस अधीक्षक रायपुर



आरीफ शेख को पुरस्कृत करने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल ने आईपीएस कॉन्क्लेव में महिलाओं के विरूद्ध अपराधों में त्वरित कार्यवाही करने, चिटफण्ड कंपनियों के संचालकों पर कार्यवाही, अवैध शराब बिक्री और कोयला चोरी रोकने पर जोर दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को महिलाओं के विरूद्ध अपराधों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों पर चालान तुरंत प्रस्तुत करें जिससे अपराधियों को जल्द से जल्द सजा हो पाये। अवस्थी ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को नाकाबंदी और सरप्राईज चेकिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुण्डागर्दी, सटोरियों, अवैध शराब बिक्री और कोयला चोरी पर सख्त कार्यवाही करें। उन्होंने चिटफण्ड कंपनी के संचालकों की संपत्ति कुर्क करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिए। अवस्थी ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि षिकायतों का सही तरीके से समाधान होना चाहिए तभी उस शिकायत का निराकरण माना जायेगा। अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कम्युनिटी पुलिसिंग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस शहरों और गांवों में लोगों के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित करे इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, हिमांशु गुप्ता भी उपस्थित रहे।

## चखना दुकान खोलकर शराब पिलाने वालों पर खरसिया पुलिस ने की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी खरसिया प्रभारी नंद कुमार गौतम एवं हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 04.02.2020 को बाईपास रोड खरसिया शासकीय शराब दुकान के पास चकना दुकान खोलकर शराब पीने वालों के लिए चखना दुकान में व्यवस्था कराने की सूचना पर पर मौके पर जाकर कार्यवाही किया गया दौरान शराब पीने वाले भाग गए, शराब पीने की व्यवस्था करने वाले चकना दुकान वालों पर आबकारी एक्ट की धारा 36-च के तहत कार्यवाही किया गया है।

**इन लोगों पर हुई कार्यवाही -**

1. लक्ष्मीप्रसाद केंवट पिता चतुर सिंह उम्र 50 वर्ष साकिन पनखतियापार पुरानी बस्ती खरसिया
2. नारायण सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह उम्र 40 वर्ष साकिन महका खरसिया
3. संदीप कुमार यादव पिता गनेश यादव उम्र 21 साल साकिन हमालपारा तलवापार खरसिया
4. जितेन्द्र सागर पिता दरसराम सागर उम्र 23 वर्ष साकिन हरिजन मोहल्ला खरसिया।

## पुसौर पुलिस ने पाउच वाली महुआ शराब के साथ अधेड़ व्यक्ति को पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुसौर पुलिस द्वारा दिनांक 04.02.2020 को तरड़ा पुसौर में रहने वाले राज कुमार उर्फ टीमन चौहान पिता भीषमा चौहान उम्र 60 वर्ष को ग्राम तरडा के कोडपाली मोड के पास प्लास्टिक थैला में शराब लेकर आते हुये पकड़े। आरोपी के थैला से 200-200 एम.एल. देशी मंदिरा की 48 नग पाउच कीमती 1500 रूपये बरामद हुआ। आरोपी के विरूद्ध थाना पुसौर में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## बीमारियों के इलाज के लिए क्लेम बढ़ाने की जरूरत-स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव

### » शासकीय योजनाओं से हरसंभव लाभान्वित हो जनसामान्य

**» स्वास्थ्य मंत्री ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, सचिव स्वास्थ्य विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, कलेक्टर यशवंत कुमार व संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड़ भी उपस्थित थे।

पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा कि बीमारियों के इलाज के लिए शासकीय योजनाओं के तहत क्लेम बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर जनसामान्य को अपनी ज्यादा से ज्यादा सेवाएं दें और शासकीय योजनाओं के तहत उन्हें हरसंभव लाभान्वित करें। जनसामान्य को इसके लिए विशेष रूप से प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नागरिक राशन कार्ड का उपयोग करते हुए डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से गंभीर एवं जटिल बीमारियों का भी इलाज करवा सकते है। उन्होंने सीएमएचओ से हॉस्पिटल धरमजयगढ़, सिविल हॉस्पिटल खरसिया, सीएचसी घरघोड़ा, बरमकेला, लैलूंगा, पुसौर, सारंगढ़, तमनार, लोईंग, चपले, मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय, पीएचसी छाल, सरिया एवं टेण्डा नवापारा में शासन की योजनाओं के तहत क्लेम के राशि की जानकारी ली। जेनरिक दवाईयों के उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। सचिव स्वास्थ्य विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर दवाईयों की खरीदी नियमानुसार करें।

## मेडिकल कालेज में जिन विभागों के संचालन की तैयारी है उन्हें शीघ्र शिफ्ट करायें-स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने मेडिकल कालेज सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, सचिव स्वास्थ्य विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, कलेक्टर यशवंत कुमार व संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड़ भी उपस्थित रहे।

बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने कहा कि मेडिकल कालेज के नवनिर्मित भवन में जिन विभागों का संचालन हो सकता है, उन्हें जिला अस्पताल से शिफ्ट कर ओपीडी नवीन भवन में प्रारंभ करायें। मेडिकल कालेज की शीघ्र पूर्णता के लिए स्वास्थ्य विभाग व पीडब्ल्यू विभाग मेडिकल काऊंसिल ऑफ इंडिया के मापदण्डों के आधार पर आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें।

उन्होंने कहा जिन स्थानों में मेडिकल कॉलेज हैं वहां के जिला अस्पताल को सेटेलाइट अस्पताल बनाया जाएगा जो मेडिकल कालेज से संबद्ध होंगे तथा सारी चिकित्सकीय सुविधाएं भी संबंधित मेडिकल कालेज द्वारा प्रदान की जाएगी।

## पोषण वाटिका बना आकर्षण का केन्द्र : जैविक खाद से हो रहा है सब्जियों का उत्पादन

**रायपुर।** कांकेर जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम पण्डरीपानी में स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के पोषण वाटिका लोगों के लिए आकर्षण एवं कौतूहल का विषय बना हुआ है। यहां पर विभिन्न साग-सब्जियों का उत्पादन जैविक खाद से किया जा रहा है, जिसे बच्चे स्वयं उपभोग करते हैं और इस प्रकार उन्हें अतिरिक्त पोषण आहार प्राप्त हो रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के मार्गदर्शन में वर्ष 2016-17 में तैयार की गई इस पोषण वाटिका का इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. आर.के. पाटिल सहित विभिन्न संस्थाओं एवं अधिकारियों के द्वारा



अवलोकन किया जा चुका है और जिसकी सराहना भी हुई है। ग्राम पंडरीपानी के प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में वर्तमान में लौकी, बैंगन, सेम, टमाटर, अदरक, हल्दी, कुंदरू, धनिया, मेथी, पालक, मिर्च, और अरबी-कोचई लगाई गई है, जिसे छात्रावासी बच्चों द्वारा उपयोग किया जा रहा है।

बाजार के रासायनिक उर्वरकों से उत्पादित सब्जियों के बजाय वे स्वयं के द्वारा जैविक खाद से उत्पादित सब्जियों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे उनके सेहत में सुधार आया है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी हुआ है। इस वाटिका में फलदार पौधे कटहल, मुनगा, केला, पपीता, अमरूद, जामुन, काजू, बादाम, लीची, मौसंबी, चीकू, अनार, बेल, नारियल, आंवला, शहतूत, आम, नींबू, इमली एवं सीताफल इत्यादि के पौधे भी लगाये गए हैं। इसके अलावा सजावटी पौधे भी लगाये गये हैं। छात्रावास के अधीक्षक भीखम सिंह ध्रुवे ने बताया कि छुट्टी के दिन छात्रावासी बच्चों द्वारा पोषण वाटिका में एक घंटा श्रमदान किया जाता है। इसके अलावा छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा भी अपना योगदान दिया जाता है।

कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास पंडरीपानी के पोषण वाटिका की प्रशंसा करते हुए अन्य सभी आश्रम-छात्रावासों में भी पोषण वाटिका लगाने के निर्देश दिए हैं।

## नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में कोरिया जिले की सविता सिंह को मिला तीसरा स्थान

**रायपुर। कोरिया जिले के विकासखंड खडगवां के पोंडी (बचरा) की निवासी सविता सिंह को नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप महिला वर्ग में तीसरा स्थान मिला है।**



उन्होंने विगत 28 से 30 जनवरी 2020 के बीच चंडीगढ में आयोजित खेल स्पर्धा में 65 किलो फ्रीस्टाईल कुश्ती में तीसरा स्थान अर्जित कर कोरिया जिले का नाम देश-प्रदेश में रोशन किया है।

उन्होंने प्राथमिक शाला खंधोरा में अध्यापन कार्य कराते हुए नीलेश यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर इसमें शामिल हुई। जिसमें जिला प्रशासन का भी सहयोग रहा। सविता सिंह ने अपने पति के स्वर्गवास हो जाने के बाद परिवार एवं दो बच्चों की जिम्मेदारी संभालते हुए इसके लिए समय निकाला।

इस हेतु जिला प्रशासन ने सविता को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि 4 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के 16 लोगों का नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में चयन हुआ था।

### » प्रदेश के सभी जिलों में ट्राइबल मार्ट शुरू करने की योजना

## आदिवासी महिलाओं का सुपर बाजार बना मॉडल सूरजपुर ट्राइबल मार्टः एक दुकान सब्बो सामान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचल में रहने वाली महिलाएं सुपर बाजार का संचालन कर रही है। सूरजपुर जिला मुख्यालय सहित जिले के छः विकासखण्ड में संचालित किए जा रहे इस सुपर बाजार को सूरजपुर ट्राइबल मार्ट का नाम दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा 'एक दुकान सब्बो सामान' थीम पर प्रारंभ किए गए इस सुपर बाजार में वाजिब मूल्य में आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार की उपभोक्ता सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं सुपर बाजार से स्कूलों, आश्रमों, छात्रावासों और विभिन्न शासकीय विभागों को



उनकी जरूरत के हिसाब से सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे इस सुपर बाजार ट्राइबल मार्ट के नवाचार को अनूठी पहल मानते हुए आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा पूरे राज्य में ट्राइबल मार्ट संचालित करने के निर्देश दिए गए है। आदिवासी महिलाओं को सुपर बाजार से जुड़ने पर उनमें नया आत्मविश्वास आया है। स्वरोजगार से जुड़कर वे अब अन्य महिलाओं को भी स्वालंबन की प्रेरणा दे रही है। महिला समूहों द्वारा संचालित किए जा रहे 6 ट्रायबल मार्ट से अब तक 72 लाख 39 हजार के सामानों की बिक्री की। माह नवम्बर 2019 में शुरू किये गये सूरजपुर ट्रायबल मार्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है। सुपर बाजार को 90 लाख 68 हजार रूपये के सामानों का डिलीवरी आर्डर भी प्राप्त हुआ है।

## डायल 112 इवेंट...

### महिला ने चूहा मारने की दवा किया सेवन -

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** घरघोड़ा राइनो को ग्राम कोगनारा में दिनांक 05.02.2020 को सुबह 8:45 बजे महिला द्वारा कीटनाशक का सेवन करने पर मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। इवेंट पर ईआरवी वाहन से आरक्षक मुकेश पटनायक ग्राम कोगनारा पहुंचा जहां रहने वाली मोहरण राठिया पति पंचराम राठिया उम्र 45 साल निवासी कोगनारा किसी कारणों से चूहा मारने की दवा का सेवन कर ली थी और बेहोश थी जिसे आरक्षक द्वारा ईआरवी वाहन से सीएचसी घरघोड़ा लाकर भर्ती कराया गया है, महिला का स्वास्थ्य सामान्य बताया जा रहा है।

### हमीरपुर के पास 2 ट्रेलर आपस में भिड़े-

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार राइनो को दिनांक 05.02.2020 के सुबह 10:18 बजे हमीरपुर के पास रोड एक्सीडेंट के इवेंट पर रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे राइनो टीम को ट्रेलर के केबिन में बैठे ड्राइवर ने बताया कि रात्रि में अज्ञात ट्रेलर वाहन द्वारा एक्सीडेंट कर भाग गया है। गाड़ी का बॉडी डैमेज होने से रात भर केविन में बैठा रहा और सुबह डायल 112 को मदद के लिए कॉल किया। घायल ट्रेलर चालक भरत वर्मा पिता गुलाबचंद वर्मा उम्र 40 साल निवासी भालूपाली संबलपुर उड़ीसा के पैर में चोट लगी थी , जिसे आरक्षक श्यामसुंदर साहु द्वारा ईआरवी वाहन से तमनार अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।

### बंजारी मंदिर के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से गिरकर घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूंजीपथरा राइनो को सुबह करीब 10:00 बजेबंजारी मंदिर के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति के घायल होने पर पूंजीपथरा राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। श घटनास्थल बंजारी मंदिर के पास बाबूलाल पिता हरिशंकर उम्र 32 साल निवासी बिहार हाल मुकाम एन.आर. इस्पात पूंजीपथरा मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हुआ था जिसे राइनो स्टाफ आरक्षक विनोद लकड़ा द्वारा सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमनार में सटटा लिखने वाले पर कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तमनार पुलिस द्वारा दिनांक 04.02.2020 को खाल्हेपारा तमनार में तुलसी कुमार साहू पिता सहस राम साहू उम्र 43 वर्ष साकिन देवगांव थाना तमनार को सट्टा पट्टी लिखते हुये उसके घर के पास पकड़े जिसके पास से 1,270 रूपये एवं सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना तमनार में धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना किसानों के लिए कारगर - स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक धरमजयगढ़ लालजीत सिंह राठिया, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, सचिव स्वास्थ्य विभाग श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, कलेक्टर यशवंत कुमार व संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड़ भी उपस्थित थे।

### शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र और समाज का उत्थान : मंत्री गुरु रूद्रकुमार

**» ग्रामोद्योग मंत्री विवेकानंद एजुकेशन एकेडमी के वार्षिकोत्सव में हुए शामिल**

**रायपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री आज मंदिर हसौद स्थित गांधीग्राम में विवेकानंद एजुकेशन एकेडमी के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने विद्यार्थियों को 10वें वार्षिकोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन का अपना अलग ही महत्व है।

### सूने मकान का ताला टूटा, नगदी सहित लाखों के गहने चोरी

**रायपुर(आरएनएस)।** रायपुर शहर के लालपुर स्थित शांति रेसीडेंसी के एक सूने पड़े फ्लेट के दरवाजे का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर नगदी 31 हजार रूपये सहित लाखों के सोने-चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर ले गये। घटना की रिपोर्ट विश्वभूषण आचार्य ने न्यू राजेन्द्रनगर थाना में दर्ज कराई है। बताया गया कि प्रार्थी का 1104 नंबर का फ्लेट 03 फरवरी की रात 11 बजे से 04 फरवरी की सुबह 08 बजे तक सूना था। घर के सभी सदस्य घर पर ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। वापस आकर देखा तो उसके घर के दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो घर की आलमारी में रखे नगदी 31 हजार रूपये एवं सोने-चांदी के गहनें चोरी ले गये।

### राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 7 फरवरी तक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों की संवीक्षा के बाद पात्र-अपात्र उम्मीदवारों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। उम्मीदवार 7 फरवरी 2020 की शाम पांच बजे तक 'बिहान' की ई-मेल आईडी पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र-अपात्र उम्मीदवारों की सूची वेबसाइट पर अपलोड की गई है। 'बिहान' में सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव्ह, जिला मिशन प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एवं लेखापाल के कुल 27 पदों पर भर्ती के लिए विगत दिसम्बर माह में विज्ञापन जारी किए गए थे।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म दईहान का प्रदर्शन होगा 7 को

**रायपुर (आरएनएस)।** आरंभ फिल्म्स के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म दईहान का प्रदर्शन राजधानी के प्रभात टाकीज सहित संपूर्ण प्रदेश में 7 फरवरी को होगा। उक्त जानकारी फिल्म के निर्देशक भूपेंद्र साहू एवं निर्माता मलयज साहू ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। 14 वर्ष मध्यप्रदेश के भारत भवन एवं रंगमंडल में बिताने के उपरांत लिये अनुभव के आधार पर बनी छत्तीसगढ़ फिल्म दईहान ठेठवार समाज की विलुप्त होती परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480